बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
**पशुपालन निदेशालय**
पटना- 800014

बिहार सरकार

**पत्रांक– 07 स्था0 (7) विविध– 53/2022 .............................../ दिनांक– ........................./2026**

प्रेषक,

डॉ0 अरविन्द कुमार,
संयुक्त निदेशक (मु0)।

सेवा में,

निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना।
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार।
परियोजना निदेशक, बी0एल0डी0ए0, पटना।
चारा विकास पदाधिकारी, बिहार, पटना।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।
सहायक निदेशक, पशुपालन सूचना एवं प्रसार, पटना।
गोशाला विकास पदाधिकारी, बिहार, पटना।
परियोजना पदाधिकारी, फ्रोजेन सीमेन बैंक, मुजफ्फरपुर/बांका/पूर्णियाँ।
सहायक निदेशक (कुक्कुट), क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, बेला, मुजफ्फरपुर/भागलपुर।
विशेष उप निदेशक (पशु विकास), फ्रोजेन सीमेन बैंक–सह– बुल स्टेशन, पटना।
सभी विशेष उप निदेशक (पशु विकास), वृहत पशु विकास परियोजना, बिहार।
सभी उप निदेशक (पशु विकास), मध्यम पशु विकास परियोजना, बिहार।
सभी सहायक निदेशक (पशु विकास), लघु पशु विकास परियोजना, बिहार।
मुख्य अनुदेशक, पशुपालन विद्यालय, डुमराँव, बक्सर।
प्रबंधक, हरियाणा पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, डुमराँव, बक्सर।
सभी पशु शल्य चिकित्सक, बिहार।

विषय :– **बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन निमित Work Flow उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग :– **विभागीय पत्रांक– 1817, दिनांक– 15.04.2026.**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरों के माध्यम से आलेखन किया जाना है।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
**पशुपालन निदेशालय**
पटना- 800014

हमारा बिहार

बिहार सरकार

आलेखन के क्रम में सर्वप्रथम बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों के प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों से संबंधित सूचनाओं का Mapping दिनांक– 01.04.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि में पदाधिकारियों के कार्यरत रहने की स्थिति/ संभावित स्थिति के आधार पर की जानी है।

उल्लेखनीय है कि पशुपालन निदेशालय के पत्रांक– 926 (नि0), दिनांक– 28.02.2026 द्वारा बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों के प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों के Mapping हेतु वांछित सूचना विभागीय अवर सचिव को उपलब्ध कराते हुए इसकी सूचना पशुपालन निदेशालय को उपलब्ध कराने हेतु आपको सूचित किया गया था। परन्तु बहुतायत पदाधिकारयों का वित्तीय वर्ष 2025–26 का Work Flow अप्राप्त होने की सूचना दी गयी है, जो खेदजनक है।

अतएव प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि बिहार पशु चिकित्सा के पदाधिकारियों का वित्तीय वर्ष 2025–26 का Work Flow तीन दिनों के अन्दर अवर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराते हुए इसकी सूचना पशुपालन निदेशालय के ई–मेल dirahd-bih@nic.in/ dirahdbih@gmail.com पर भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–

संयुक्त निदेशक (मु0)।

**ज्ञापांक :–07 स्था0 (7) विविध– 53/2022** 1569 (नि0)/पटना–14, दिनांक– 22/4/26

**प्रतिलिपि** :–विभागीय आई0टी0 मैनेजर को सभी संबंधितों को ई–मेल करने तथा विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :–अवर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

22.4.26

संयुक्त निदेशक (मु0)।

**दूरभाष संख्या:** 0612-2215962 **ई-मेल:** dirahd-bih@nic.in **वेबसाइट:** state.bihar.gov.in/ahd

पत्र संख्या–2/स्था0 (पेन0 विविध) (2) 03/ 2026 ..1817........../

(426)

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

धर्मवीर प्रसाद,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन/मत्स्य/गव्य, बिहार, पटना।
सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार।
सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।
सभी उप मत्स्य निदेशक, बिहार।
उप मत्स्य निदेशक (मु0), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना।
संयुक्त मत्स्य निदेशक (मु0), मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना।
सभी क्षेत्रीय निदेशक (गव्य), बिहार।
संयुक्त निदेशक (गव्य), गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना।

द्वितीय स्मार पत्र

निदेशक पशुपालन कोषांग 2811 16 APR 2026

पटना– 15, दिनांक– 15/04/26

विषयः– बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन निमित Work Flow उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 297, दिनांक– 19.01.2026 एवं 1020, दिनांक– 24.02.2026.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में स्मारित करते हुए कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये बिहार पशु चिकित्सा सेवा/बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (ई–पार) स्पैरो के माध्यम से आलेखन किया जाना है। आलेखन के क्रम में सर्वप्रथम बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों के प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों से संबंधित सूचनाओं का Mapping किया जाना है। यह Mapping दिनांक– 01.04.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि में पदाधिकारियों के कार्यरत रहने की स्थिति/संभावित स्थिति के आधार पर की जानी है।

931 16/04/26

उक्त के आलोक में Work Flow भेजने से पूर्व निम्नांकित बिन्दुओं का अनुपालन किया जाय :–

1. सभी निदेशालय जिलावार Work Flow एक साथ भेजना सुनिश्चित करेगें।
2. प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण के रूप में वही पदाधिकारी रहेगें जो 01.04.2025 से 31.03.2026 तक प्रभार में रहे हों।
3. समीक्षी/स्वीकरण के रूप में यदि एक से ज्यादा पदाधिकारी हों तो, जो पदाधिकारी अधिकतम समय रहे हों उन्ही का विवरणी अंकित करना है।

4.25

4. प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारी संबंधित सेवा के पदाधिकारी हों तो अनिवार्य रूप से उनका Sparrow ID (BVFD.....) अंकित करना है, जिससे Work Flow सही से किया जा सके।

विदित हो कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के पदाधिकारियों के वित्तीय वर्ष 2025–26 का ई–पार आलेखन के लिये प्रतिवेदक, समीक्षी एवं स्वीकरण पदाधिकारियों के Mapping हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराने के साथ–साथ अपने अधीनस्थ कार्यालयों में भी उक्त से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने का अनुरोध किया गया था, परंतु वैसे पदाधिकारियों की संख्या बहुतायत है जिनका वित्तीय वर्ष 2025–26 का Work Flow अप्राप्त है।

अतएव पुनः अनुरोध है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा/ बिहार मत्स्य सेवा/बिहार गव्य विकास सेवा के शेष बचे पदाधिकारियों का Work Flow यथाशीघ्र सात दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

15/7/25

सरकार के अवर सचिव।